Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

Misc (Bhoodan) Appeal No.- 110 /2022

Md. Ashabuddin..Appellant

Versus

The State of Bihar & Ors ....Respondens..

Serial No.	Date of order of proceeding.	Order with signature of the court.	Office action taken with date
1	2	3	4
	09-5-2024	**—:आदेश:—** प्रस्तुत विविध (भूदान) अपील न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, किशनगंज द्वारा भू—दान यज्ञ अधिनियम, 1954 के अंतर्गत विविध वाद सं0— 01/2021—22 में दिनांक— 23.9.2021 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है। अपीलार्थी अनुपस्थित। उत्तरवादी उपस्थित। उत्तरवादी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि अपीलार्थी दिनांक— 16.11.2023 से लगतार अनुपस्थित चले आ रहे है। दिनांक— 18.1.2024 को उपस्थिति हेतु अंतिम मौका दिया गया बावजूद अपीलार्थी अनुपस्थित रहे। इस संबंध में अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सूचित किया गया। दिनांक— 14.3.2024 को अपीलार्थी को उपस्थित होने हेतु पुनः एक अंतिम मौका दिया गया किन्तु आज भी अपीलार्थी अनुपस्थित रहे। अपीलार्थी को अपना पक्ष रखने हेतु कई मौका दिये जाने के बावजूद उनकी अनुपस्थित से यह स्पष्ट है कि उन्हें वाद के निष्पादन में कोई अभिरूचि नही रह गई है। फलतः वाद को अनावश्यक रूप से लंबित रखना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। अतः अपीलार्थी द्वारा वाद के निष्पादन में अभिरूचि नही लिये जाने के आधार पर प्रस्तुत वाद को ''प्रमाद में खारिज'' (Dismissed for default) किया जाताा है। इसी के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति निम्न न्यायालय को भेजें। लेखापित एवं सशोधित आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णियॉ। आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।	

Web Copy, Not Official.

Web Copy. Not Official.